महिला और बच्चों के लिए बनेंगे डे-केयर सेंटर व क्रेच, गेस्ट हाउस उद्यमिता कौशल प्रशिक्षण केन्द्र, फूड कोर्ट, काउंसलिंग सेंटर, सेल्फडिफेंस ट्रेनिंग सेंटर

टेक्नोलॉजी पार्क में बनाया जाएगा इंदिरा महिला शक्ति केन्द्र

आवासन मंडल और महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच होगा 19 साल का एमओयू

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल की मानसरोवर आवासीय योजना में स्थित टेक्नोलॉजी पार्क में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं राजस्थान आवासन मंडल की ओर से महिलाओं की समस्याओं के समाधान एवं काउंसलिंग के लिए इंदिरा महिला शक्ति केन्द्र बनाया जाएगा। केन्द्र के संचालन के लिए आवासन मंडल और महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच 19 साल का एमओयू किया जाएगा।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि मानसरोवर आवासीय योजना में स्थित टेक्नोलॉजी पार्क में तीन करोड़ की लागत से महिलाओं की समस्याओं के समाधान एवं काउंसलिंग के लिए इंदिरा महिला शक्ति केन्द्र बनाया जाएगा। केन्द्र में महिलाओं और बच्चों के लिए डे-केयर सेंटर व क्रेच, गेस्ट हाउस, फूड कोर्ट, काउंसलिंग सेंटर, सेल्फडिफेंस ट्रेनिंग सेंटर के साथ ही उद्यमिता कौशल प्रशिक्षण के लिए नियमित सुविधा केन्द्र बनाने के अलावा यहां आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं साथिनों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्तमान में यह केन्द्र महिला आयोग में चल रहा है और अब इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने मंडल को इसका प्रस्ताव दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस केन्द्र के निर्माण पर बोर्ड की आगामी बैठक में इस प्रोजेक्ट की अनुमति ली जाएगी। आवासन मंडल और महिला एवं बाल विकास विभाग के मध्य राज्य सरकार की अनुमति के बाद एक एमओयू साइन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यहां महिलाओं एवं बच्चों के लिए उनकी कला एवं अभिरुचि के विकास के लिए नियमित रूप से हॉबी क्लासेज के संचालन के लिए कला केन्द्र बनाया जाएगा। महिला एवं बच्चों के लिए माईनर स्पोर्ट्स जोन, महिला संघ सहायता समूह के हस्तशिल्प, परिधान एवं खाने-पीने के उत्पादों के प्रमोशन के लिए हेरिटेज हाट व फूड जोन बनाया जाएगा।

महिलाओं के लिए बनेगा गेस्ट हाउस

अरोड़ा ने बताया कि यहां दूर दराज से आने वाली महिलाओं को ठहरने के लिए इस केन्द्र पर विश्राम स्थल का निर्माण करवाया जाएगा। इस विश्राम स्थल में सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित करने के साथ इसे वातानुकूलित बनाया जाएगा। इसके साथ ही यहां बच्चों के शारीरिक विकास एवं मनोरंजन के लिए किड्स प्ले व एंटरटेनमेंट जोन भी बनाया जाएगा। इसके अलावा यहां पोषण वाटिका या न्यूट्री गार्डन, वॉक एण्ड लर्न पाथ वे भी बनाया जाएगा।